# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण रिपोर्ट

## जनपद– मुरादाबाद


दिनांक– 14.05.2019 से 18.05.2019


पर्यवेक्षक :–



- डॉ0 आनन्द कुमार अग्रवाल, उपमहाप्रबन्धक, किशोर स्वास्थ्य, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।
- विपिन कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम सहायक, निर्माण अनुभाग, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।


मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 के पत्रांक एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / एम.एण्ड.ई / 2019–20 / 18 / 1081 दिनांक 03.05.2019 में प्रदत्त निर्देशानुसार उपरोक्त पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 15.05.2019 से 17.05.2019 तक जनपद मुरादाबाद के निम्नांकित चिकित्सा इकाइयों / सामुदायिक स्तर कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण किया गया :–



- ✓ दिनांक 15.05.2019 को जनपद मुरादाबाद के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक के साथ ग्राम लौंगीकला में वी0एच0एन0डी0 सत्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठाकुरद्वारा एवं अरबन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ई0एस0आई0 टाउन हाल का पर्यवेक्षण किया गया।
- ✓ दिनांक 16.05.2019 को जनपद मुरादाबाद के जिला महिला चिकित्सालय का भ्रमण किया गया। भ्रमण के उपरान्त दोनों चिकित्सालयों के मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका को भ्रमण के दौरान पायी गयी कमियों से अवगत कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा शीघ्र ही पायी गयी कमियों को दूर करने का आश्वासन दिया गया।
- ✓ दिनांक 17.05.2019 को जिला पुरूष चिकित्सालय का पर्यवेक्षण एवं आर0बी0एस0के0 टीम हेतु ऐप के मण्डल स्तरीय प्रशिक्षण का अवलोकन भी किया गया।

| Date | Major Findings from the Visit Site | Intervention/Activities Identified | Level of Intervention |
|---|---|---|---|
| प्रथम दिवस 15.05. 2019 | वी0एच0एन0डी0 सत्र– लौंगीकला<br>• सत्र के दौरान समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ANM, ASHA, AWW उपस्थित थे। सत्र का आयोजन माइक्रो प्लान के अनुसार किया गया था।<br>• आशा एवं ए0एन0एम0 के पास Due list update थी, आंगनवाडी कार्यकत्री के पास ड्यू लिस्ट नहीं पायी गयी।<br>• सत्र का आयोजन आशा के घर पर बैनर लगाकर किया जा रहा था।<br>• गर्भवती महिला की जांच हेतु अलग से स्थान उपलब्ध था।<br>• विटामिन A, ORS , Zinc & MUAC Tap उपलब्ध नही थी। | <br> | MOIC एवं BCPM को निर्देशित किया गया तथा ANM, ASHA के स्तर से सुधार अपेक्षितेक्षित। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • Emergency Contraceptive Pill & OCP, Condom, Sanitary Napkins की उपलब्धता नहीं थी।<br>• वैक्सिन डिस्पोजल की उचित व्यवस्था की गयी थी।<br>• Due list update थी एवं Due list के अनुसार 30 प्रतिशत लाभार्थियों को सेवाएं दी गयी थी।<br>• Infection Prevention हेतु काले रंग की पालीथीन का उपयोग नहीं किया जा रहा था।<br>• ANM द्वारा परिवार नियोजन सेवाओं के लिए परामर्श किया जा रहा था।<br>• आशा द्वारा लाभार्थियों को मोबलाइज करके VHND Site पर एकत्र किया जा रहा था।<br>• HRP (High Risk Pregnency) का चिन्हांकन एवं लाइन लिस्टिंग की जा रही थी। |  | |
| प्रथम दिवस 15.05. 2019 | **<u>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठाकुरद्वारा</u>**<br>• चिकित्सा इकाई पर 02 चिकित्सक, 9 स्टाफ नर्स, 01 चीफ फार्मासिस्ट, 01 लैब टेक्निशियन एवं 1 लैब अटेन्डेट हैं। 03 स्टाफ नर्स एस0बी0ए0 प्रशिक्षित नहीं है। 03 स्टाफ नर्स एन0बी0एस0यू0 में संबद्ध है।<br>• बी0पी0एम0 का पद रिक्त है।<br>• चिकित्सा इकाई के अन्तर्गत कुल 25 उपकेन्द्र आते हैं।<br>**जे0एस0वाई0 कार्यक्रम–**<br>**लेबर रूम–**<br>• लेबर रूम मानकानुसार सुसज्जित पाया गया। समस्त | <br>• नये Register को कय करने के निर्देश दिये गये।<br>• निर्देशित किया गया कि High risk pregnency ragister अलग से बनाकर उसमें चिन्हिकृत किया जाये एवं उनका फालोअप भी किया जाये।<br>• के0एम0सी0 वार्ड में प्रोटोकाल पोस्टर लगाने के लिए निर्देशित किया गया।<br>• जे0एस0एस0के0 डाइट का | प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | उपकरण जैसे– ऑक्सीजन सिलैण्डर, रेडियन्ट वार्मर, सक्शन मशीन, इमरजैन्सी ट्रे, डिलवरी किट, पी0पी0आई0यू0सी0डी0 किट व अन्य सामाग्रीयां उपलब्ध पायी गयी।<br>• लेबर टेबल पर कैलिस पैड पाया गया।<br>• प्रसव कक्ष में आवश्यक उपकरण उपलब्ध पाये गये।<br>• इमरजेन्सी ट्रे उपलब्ध थी।<br>• Colour Coded Bin उपलब्ध था।<br>• ANC, PNC Register प्रारूप के अनुसार नहीं पाया गया।<br>• HRP के लिए अलग से कोई अभिलेखीकरण नही किया जा रहा था।<br>• इकाई पर साफ–सफाई संतोषजनक पायी गयी।<br>• बिजली एवं पानी की व्यवस्था ठीक पायी गयी।<br>• जे0एस0एस0के0 डाइट रजिस्टर का अवलोकन किया गया। माह फरवरी एवं मार्च में डाइट नहीं दिया गया। वर्तमान में नाश्ता एवं भोजन दिया जा रहा है। लाभार्थी से भी भ्रमण के दौरान मिलकर इस बात की पुष्टि की गयी।<br>• समस्त प्रोटोकॉल पोस्टर डिसप्ले किये गये थे।<br>• समुचित साफ–सफाई थी, Infection Prevention हेतु अच्छी व्यवस्था थी।<br>• **के0एम0सी0 वार्ड–**<br>• वार्ड में 02 बेड था। कोई भी आई0ई0सी0 पोस्टर नहीं लगा था।<br>• वार्ड में 02 स्टाफ नर्स संबद्ध है।<br>**पी0एन0सी0 वार्ड–** | रिकार्ड रखने हेतु निर्देश दिये गये।<br>• आर0बी0एस0के0 टीम को निर्देशित किया गया कि Movement Ragister को भरकर माइक्रोप्लान के अनुसार फील्ड विजिट करें। प्रभारी चिकित्सक को निर्देशित किया गया कि आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर उन्हे लिखित में चेतावनी पत्र जारी किया जाये तथा उनका वेतन रोका जाये।<br><br><br> | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • वार्ड में 8 बेड था। भ्रमण के दौरान एक लाभार्थी वार्ड मे मिली। बताया गया कि वह एम्बूलेन्स से सी0एच0सी0 आई है। वह यहाँ आशा के साथ आयी थी।<br><br>**आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम–**<br>• आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम के अर्न्तगत दोनो टीमों द्वारा माइको प्लान के अनुसार फिल्ड विजिट हेतु कार्य नहीं किया जा रहा है। दोनो टीम द्वारा Movement Ragister नहीं भरा जा रहा था।<br><br>**आशा कार्यक्रम–**<br>• माह अप्रैल 2019 का इकाई का औसतन आशा भुगतान रू0 3200/– है।<br>• ब्लॉक में कुल 8 आशा संगिनी व 153 आशा कार्यरत है। जिसमें से 3 आशायें अकियाशील है।<br><br>आशा कार्यकम से सम्बन्धित समस्त अभिलेखो का अवलोकन किया गया व अभिलेखो में पाये गये सुधारात्मक बिन्दुओं पर ब्लॉक यूनिट के अधिकारियों पर चर्चा की गयी।<br><br>ए0एन0सी0 में उच्च जोखित वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन किया जा रहा है एवं फालोअप नहीं किया जा रहा है। इस हेतु ब्लॉक व जिले की कार्यकम प्रबंधन यूनिट को निर्देशित किया गया।<br><br>• **प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस कार्यक्रम–** |  | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | इकाई पर प्रत्येक माह की 9 तारीख को यह दिवस का आयोजन किया जा रहा है। परन्तु चिन्हित की गयी उच्च जाखिम वाली गर्भवती महिलाओं की लाइन लिस्टिंग पृथक रुप से करके उनका फॉलोअप नही किया जा रहा है। | | |
| द्वितीय दिवस 16.05. 2019 | <u>अरबन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ई0एस0आई0 टाउन हाल</u><br>भ्रमण के दौरान मेडिकल आफिसर डा0 रेसमा कुरेशी उपस्थित थी। इकाई पर 1 फार्मासिस्ट, 1 लैब टेक्निशियन, 3 स्टाफ नर्स, 5 ए0एन0एम0 एवं 1 सपोर्ट स्टाफ की तैनाती है।<br>• चिकित्सा इकाई एक Govt. building में कियाशील है।<br>• रोगी कल्याण समिति का गठन हो चुका है।<br>• अरबन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुँचने हेतु संकेतक पर्याप्त मात्रा में नहीं लगे थे।<br>• अरबन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर EDL डिस्प्ले किया गया था। परन्तु मिलने वाली सेवाओं का कोई भी डिस्प्ले नहीं किया गया था।<br>• प्रोटोकाल पोस्टर/ आई0ई0सी0 का अभाव पाया गया।<br>• अरबन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रसव संबंधी सेवाएं दी जा रही है।<br>• समुचित साफ–सफाई थी, Infection Prevention हेतु अच्छी व्यवस्था थी। | <br> | प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित।<br><br>एच0आर0पी0 महिलाओं की लाइन लिस्टिंग कर फॉलोअप नहीं किया जा रहा है जिस हेतु उपस्थिति कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।<br><br>अरबन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के समस्त अभिलेखों का अवलोकन किया गया एवं पायी गयी कमियों पर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| तृतीय दिवस दिनांक 17.05.2019 | <u>जिला पुरूष चिकित्सालय, मुरादाबाद</u><br>**किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक**<br>पुरुष चिकित्सालय में स्थापित क्लिनिक पर ताला बंद पाया गया। काउंसलर तारिक अंसारी को कॉल करके बुलाने पर ज्ञात हुआ कि अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक द्वारा उसको द्वितीय तल पर कमरा आवंटित किया गया है, जिस कारण से वह अपनी क्लिनिक में न बैठकर ए0आर0वी0 वाले कमरे में बैठ रहा है।<br>• कक्ष में लगातार भीड़ बनी रहने के कारण काउंसलर काउंसलिंग का कार्य नहीं कर रहा है, अपितु आने वाले मरीजों में से ही कुछ लोगों का नाम रजिस्टर में अंकित किया जा रहा है।<br>• क्लिनिक पर किसी भी तरह की कोई आई.ई.सी. अथवा साइनेज नहीं था।<br>• पुरूष चिकित्सालय के काउंसलर की क्लिनिक हेतु खरीदा गया कंप्यूटर उपलब्ध नहीं था।<br>• काउंसलर द्वारा माह अप्रैल में एक भी आउटरीच एक्टिविटी नहीं की गई और मई में भी दिये गए निर्देशों के अनुसार नहीं की जा रहीं हैं।<br>• राज्य पर भेजी गई रिपोर्ट रजिस्टर में अंकित डाटा से मैच नहीं करती जिससे स्पष्ट है कि रिपोर्ट में फर्जी डाटा भेजा जा रहा है।<br>• बार बार अवसर दिये जाने के बावजूद काउंसलर के कार्य में किसी प्रकार का कोई सुधार नहीं हुआ है।<br>• राज्य से प्रेषित किये गए एम0एच0एम0 दिवस की गतिविधियों के बारे में कोई | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | जानकारी न होने से स्पष्ट है कि काउंसलर द्वारा कार्यक्रम में कोई रूचि नहीं ली जा रही है।<br><br>पोषण एवं पुर्नवास केन्द्र (एन0आर0सी0)<br>• एन आर सी वार्ड मे 10 बेड में से 3 पर मरीज उपलब्ध थे, प्राप्त अभिलेखों के अनुसार कुछ बच्चे छुट्टी पर घर गए हुए थे। अभिलेख अपूर्ण पाए गए।<br>• वार्ड उचित तरीके से सुसज्जित था किन्तु शौचालय अत्यंत गन्दे पाए गए।<br>• एन आर सी वार्ड में आई0ई0सी0 प्रदर्शन अत्यंत कम मात्रा में था एवं दीवारों पर भी किसी भी प्रकार का चित्रण नही प्रदर्शित था।<br>• कार्यरत डायटीशियन ज्योति बाजपेई बिना किसी सूचना के अक्सर अनुपस्थित रहने की रिपोर्ट प्राप्त हुई।<br>• स्टाफ नर्सेस के भी अक्सर अनियमित रूप से कार्य पर अनुपस्थित रहने की जानकारी मिली जिसके लिए उन्हें लिखित चेतावनी भी दी जा चुकी हैं। सुधार न होने के कारण अब कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता प्रतीत होती है।<br><br>• परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था के सम्बन्ध में अधीक्षक महोदया द्वारा अवगत कराया गया कि मशीनीकृत साफ सफाई की जा रही है। किन्तु | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | पर्यवेक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि परिसर में मशीनीकृत साफ–सफाई व्यवस्था नियमित रूप से नहीं की जा रही है।<br>• मैकेनाइज्ड क्लीनिंग हेतु सेवाप्रदाता द्वारा तैनात कर्मचारी प्रशिक्षित नहीं है।<br>• सेवाप्रदाता द्वारा तैनात कर्मचारियों के पास पहचान पत्र नहीं था। | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| द्वितीय दिवस दिनांक 16.05. 2019 | जिला महिला चिकित्सालय, मुरादाबाद<br>किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक<br>• महिला चिकित्सालय में स्थापित किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक पर पौने दस बजे ताला बंद पाया गया।<br>• कक्ष में लगातार अन्य कमरों से आ रहे शोर के कारण काउंसलर काउंसलिंग का कार्य नहीं कर पा रही है, अपितु आने वाले मरीजों में से ही कुछ लोगों का नाम रजिस्टर में अंकित किया जा रहा है।<br>• क्लीनिक पर किसी भी तरह की कोई आई.ई.सी. नहीं था।<br>• काउंसलर द्वारा बार–बार निर्देशित किये जाने के बावजूद आउटरीच एक्टिविटी न तो कोई माइक्रोप्लान बनाया गया है और न ही कोई आउटरीच एक्टिविटी की जा रहीं हैं। यह व्यवहार न सिर्फ सेवा में कमी है अपितु घोर अनुशासनहीनता भी है।<br>• महिला क्लीनिक हेतु खरीदा गया कंप्यूटर पिछले 2 वर्षों से खराब है। गत माह निर्देश दिये जाने के बावजूद अभी तक ठीक कराने हेतु कोई प्रयास नहीं किया गया है ।<br>• राज्य पर भेजी गई रिपोर्ट रजिस्टर में अंकित डाटा से मैच नहीं करती जिससे स्पष्ट है कि रिपोर्ट में फर्जी डाटा भेजा जा रहा है।<br>• बार बार अवसर दिये जाने के बावजूद काउंसलर के कार्य में किसी प्रकार का कोई सुधार नहीं हुआ है।<br>• राज्य से प्रेषित किये गए | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | एम0एच0एम0 दिवस की गतिविधियों के बारे में कोई जानकारी न होने से स्पष्ट है कि काउंसलर द्वारा कार्यक्रम में कोई रूचि नहीं ली जा रही है। | | |

भ्रमण के अन्तिम दिन मण्डल कार्यालय पर आर0बी0एस0के0 एप के प्रशिक्षण का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम के सुधार हेतु दिशा–निर्देश प्रतिभागियों को दिये गये।

अन्त में मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद मुरादाबाद से एक बैठक करके पर्यवेक्षण के दौरान दृष्टिगत आई कमियों से अवगत कराया गया एवं सुधार कराने हेतु अनुरोध किया गया।

Vipin 07/06/15

(विपिन कुमार श्रीवास्तव)
कार्यक्रम सहायक

(डा0 आनन्द कुमार अग्रवाल)
उपमहाप्रबन्धक

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19 ए विधान सभा मार्ग लखनऊ।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद–मुरादाबाद।

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / किशोर स्वास्थ्य / स0प0 / 21 / 2019–20 / 2193 दिनांक : 11-06-19

विषय : **जनपद में राज्य स्तरीय टीम द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत भ्रमण में पायी गयी कमियों के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि दिनांक 14 से 18 मई 2019 के मध्य राज्य स्तरीय टीम द्वारा जनपद मुरादाबाद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण की विस्तृत रिपोर्ट, पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि रिपोर्ट में उल्लिखित कमियों को तत्काल निस्तारित कर अपनी आख्या उपलब्ध करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीया

(थमीम अंसरिया ए)
अपर मिशन निदेशक

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / किशोर स्वास्थ्य / स0प0 / 21 / 2019–20 / 2193-8 तद्दिनांक :

**प्रतिलिपि** : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मिशन निदेशक, एन0एच0एम0, उ0प्र0, लखनऊ।
2. महानिदेशक परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय, उ0प्र0।
3. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद मुरादाबाद, उ0प्र0।
4. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मुरादाबाद मण्डल, उ0प्र0।
5. अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (नोडल ऑफिसर), जनपद मुरादाबाद,उ0प्र0।
6. मण्डलीय / जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मुरादाबाद मण्डल, उ0प्र0।
7. डी0ई0आई0सी0 मैनेजर एवं अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर, जनपद मुरादाबाद, उ0प्र0।
8. राज्य प्रतिनिधि एन0 आई0 को इस आशय से प्रेषित की जनपद में कार्यरत अपने कर्मचारियों को सहयोग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

(डा0 आनन्द कुमार अग्रवाल)
उपमहाप्रबन्धक–किशोर स्वास्थ्य